# साहित्य अकादमी ने किया 'साहित्य मंच' का आयोजन

- पाँच पंजाबी रचनाकारों ने प्रस्तुत की अपनी रचनाएं




नई दिल्ली, लोकसत्य

साहित्य अकादेमी की ओर से 'साहित्य मंच' कार्यक्रम में पाँच पंजाबी रचनाकारों को रचना-पाठ के लिए आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम अरकमल कौर ने अपनी पंजाबी ग़ज़लें प्रस्तुत कीं जिनमें वर्तमान सामाजिक हालात पर गहरे तंज थे। बलजिंदर नसराली ने अपने कहानी-संग्रह 'डाकखाना ख़ास' से एक कहानी प्रस्तुत की जो पहले-पहल पंजाबी समाचार-पत्र 'अजीत' में प्रकाशित हुई थी। कहानी पंजाब में कृषि कार्य के लिए आए मज़दूरों पर केंद्रित थी और एक सत्य घटना से प्रेरित थी। गुरदीप कौर ने भी एक कहानी प्रस्तुत की, जिसमें एक पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते को प्रस्तुत किया गया था। जसविंदर बिंद्रा एवं ममता ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं जो विभिन्न विषयों पर केंद्रित थीं।

कार्यक्रम का संचालन पंजाबी परामर्श मंडल के सदस्य रवि रविंदर ने किया। उन्होंने संचालन के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी साहित्य तभी बचा रह सकता है जब वह कमज़ोर वर्गों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करे। इस अवसर पर पंजाबी परामर्श मंडल की संयोजिका वनिता ने सभी रचनाकारों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में पंजाबी भाषा को, लेखकों के साथ ही उत्साह बढ़ाने वाले पाठकों/श्रोताओं की भी ज़रूरत है।

कार्यक्रम में पंजाबी के कई साहित्यकार और विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भी भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्य अकादेमी के संपादक अनुपम तिवारी ने किया।


Delhi 08-08-2019

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक लोकसत्य

http://epaper.loksatya.com/